तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 1 जून 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



12 कृषि संकल्प अभियान किसानों को आधुनिक ...





12 शिक्षकों का विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण बर्दास्त...




## खबर संक्षेप

### बाबूकोहका में हुआ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



**कांकेर।** मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. विमल चंद्र भगत एवं डॉ. केके ध्रुव नोडल एवं राकेश राजपूत (फाइनेंस लाजेस्टिक ऑफिसर), विक्की कोमल पटेल के मार्ग दर्शन में आईटीआई कॉलेज बाबुकोहका में किया गया, जिसमे आईटीआई के स्टूडेंट उपस्थित रहें। साथ ही सायकेट्रिक नर्स आशीष जैन और खागेंद्र पटेल द्वारा कार्य स्थल में तनाव प्रबंधक कार्यक्रम को विशेष रूप से प्रस्तुत किया।

### महाराणा प्रताप की मनी 485वीं जयंती, पुष्पांजलि की गई अर्पित

**कांकेर।** वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की 485 वां जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा के साथ नमन किया। शिवसेना नेता महेश दुबे ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा शौर्य, स्वाभिमान और अदम्य साहस के प्रतीक के रूप में आज भी महाराणा प्रताप का नाम लिया जाता है। महाराणा प्रताप ने अपनी जन्मभूमि की रक्षा के लिए मुगल सम्राट अकबर से युद्ध किया और अधीनता के बजाय प्रतिरोध का रास्ता चुना। साहस, वीरता, स्वाभिमान, देश भक्ति और स्वतंत्रता की भावना की प्रति महाराणा प्रताप एक गौरवशाली और विशाल व्यक्तित्व का नाम है, जिसके कारण उन्हें पूरे देश सम्मान और आदर के साथ याद करता है।

**राहत : विकलांग व परिवीक्षा अवधि में शामिल शिक्षकों को प्रक्रिया में मिलेगी छूट**

# रिटायरमेंट के नजदीक में शिक्षकों को मिलेगा पहले स्कूल चुनने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

स्कूलों में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और सोमवार 2 जून से युक्तियुक्तकरण की लिस्ट में शामिल शिक्षकों को ऐसे स्कूलों की लिस्ट जारी कर दी जाएगी, जहां पद खाली है। इसमें स्कूल चुनने का सबसे पहले मौका वरिष्ठता के आधार पर ऐसे शिक्षकों को दिया जाएगा, जिनके रिक्यरमेंट में दो साल बाकी है। उसके बाद महिला शिक्षकों को मौका दिया जाएगा। इसके अलावा शिक्षकों से लिस्ट में किसी प्रकार की दावा-आपत्ति नहीं ली जाएगी, जो स्कूल के नाम तय होंगे, उसमें अतिशेष शिक्षकों को जाना ही होगा।

जिले में लगभग एक हजार शिक्षकों के नाम अतिशेष की लिस्ट में शामिल होने की संभावना है। वरिष्ठता के क्रम में मौका देने के लिए अतिशेष शिक्षकों का सर्विस रिकॉर्ड खंगाला गया और यह काम पूरा हो चुका है। शनिवार को अतिशेष शिक्षकों की लिस्ट जारी कर दी गई। इसमें वरिष्ठता के आधार पर रिटायरमेंट के करीब शिक्षकों को पहले मौका दिया जाएगा। उनके स्कूल चुनने के बाद महिला शिक्षकों को स्कूल चुनने कर मौका दिया जाएगा। इसके बाद अन्य क्रम से अन्य शिक्षकों को स्कूल चुनने का मौका दिया जाएगा, उधर युक्तियुक्तकरण नीति के खिलाफ शिक्षक संगठनों ने आगामी शाला प्रवेशोत्सव के बहिष्कार की घोषणा की है। शिक्षकों के विभिन्न संगठनों ने शाला प्रवेशोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत में सक्रिय भूमिका निभाने की योजना बनाई थी, लेकिन युक्तियुक्तकरण नीति के विरोध में उन्होंने इस कार्यक्रम का बहिष्कार ▶▶ शेष पेज 12 पर

**खास बातें**

- शिक्षक संगठन शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को बहिष्कार करने की दे रहे चेतावनी
- पीएमश्री नरहरदेव विद्यालय में सोमवार 2 जून को शुरू की जाएगी काउंसिलिंग




युक्तियुक्तकरण की हुई तैयारी, सोमवार को होगी काउंसिलिंग

### सरकार से शिक्षक संगठन कर रहे यह मांगे

युक्तियुकाकरण नीति में संशोधन किया जाए। शिक्षकों की पदोनति और स्थानांतरण पहले किए जाएं, फिर युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू को जाए। शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू किया जाए। शिक्षकों के अवकाश नियमों में सुधार किया जाए, ताकि वे आसानी से अवकाश ले सकें।

### परिवीक्षा अवधि में शामिल शिक्षकों को नहीं बदलेंगे

शिक्षक परीक्षवधि में शामिल शिक्षकों के नाम युक्तियुक्तकरण के लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है। इनके अलावा विकलांग शिक्षकों को भी दूसरे स्कूल में नहीं भेज जाएगा। इनके अलावा किसी भी वर्ग के शिक्षक को युक्तियुक्तकरण में छूट नहीं दी जाएगी। स्कूल के जो नाम फाइनल होंगे, उसमें अतिशेष शिक्षक को ज्वाइनिंग लेनी ही पड़ेगी।

### शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन

जिले में कई शिक्षक संगठन है, सभी संगठन प्रमुखों ने इस नीति को शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षक हितों के खिलाफ बताते हुए विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के नेताओं ने आरोप लगाया है कि युक्तियुक्तकरण नीति में कई विसंगतियां हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षक हितों के खिलाफ है। उनका कहना यह नीति राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन करती है। इससे शिक्षकों पदोन्नति के अवसर कम हो रहे हैं। नए शिक्षकों की भर्ती के लिए अपन सीमित हो गए हैं।

### तीन दिन से चल रहा लिस्ट फाइनल करने का कार्य

जिला शिक्षा कार्यालय में तीन दिन से लिस्ट फइनल करने कार्य चल रहा है। जिले के सभी विकासखंड के बीईओ इस कार्य में लगे हुए हैं। जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा चारामा विकासखंड के शिक्षक प्रभावित होंगे। यहां संख्या दो सौ से ज्यादा बताई जा रही है। अतिशेष शिक्षकों की लिस्ट लगभग फायनल है। वरिष्ठता सूची तैयार की जा रही है जिसके अनुसार शिक्षकों को स्कूल चुनने का मौका दिया जाएगा।

### रिटायर होने वालों को मिलेगा पहला मौका

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि जिले में 848 शिक्षकों के अतिशेष होने की संभावना है। वरिष्ठता लिस्ट के आधार पर दो साल में रिटायर होने वाले शिक्षकों को स्कूल चुनने का सबसे पहले मौका दिया जाएगा। इसके अलावा काउंसलिंग की वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी।

### दो बाइक में हुई थी भिड़ंत, आरोपी चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज




**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत भैसमुण्डी जाने वाले मार्ग पर दो बाइक के बीच हुई टक्कर में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। गंभीर चोट आने से मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना में पाया गया कि मृतक नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम राजपुर निवासी 25 वर्षीरू कौशल कुमार मरकाम पिता रूपधुराम मरकाम 20 मार्च को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 व्ही 7419 में सवार होकर ग्राम लेण्डारा से ग्राम राजपुर अपने घर आते समय ग्राम देवगांव भैसमुण्डी जाने का मोड़ के पास शाम करीबन साढ़े 5 बजं सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएन 4318 के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। गंभीर चोट आने की वजह से उसका मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएन 4318 के चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## जमीन को लेकर परिवार के सदस्यों में हुआ विवाद मारपीट में तब्दील, काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- भांजी को कुचलवाकर जान से मारने की दी धमकी, दहशत में परिवार

बाजारपारा वार्ड क्रमांक 2 में मां, छोटे दो भाई और छोटी बहन और पड़ोस में रह रही बड़ी बहन के मध्य घर की दीवाल को तोड़ने को लेकर हुआ, विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। परिवार के दोनो पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज किया गया।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुँची वार्ड क्रमांक 02 बाजारपारा भानुप्रतापपुर निवासी 45 वर्षीय रंजीत कौर पति सुरेन्दर पाल अरोरा ने पुलिस को बताया कि मैं परित्यक्ता हूँ और अपनी बेटी नवप्रीत कौर के साथ रहती हूं। मेरे घर से लगे हुए घर में मेरी मां परमजीत कौर एवं मेरी छोटी बहन मनदीप कौर, छोटा भाई जगजीत सिंह रहते है। इसके अलावा छोटा भाई मनमीत सिंह अपने परिवार के साथ अलग रहता है। मां परमजीत कौर के घर आना जाना रहता है। मैं अपने कब्जे के घर में रहती हूं, मेरा अपने परिवार के साथ बातचीत बंद है। 30 मई को लगभग दोपहर 2-30 बजे की बात है, मेरे कब्जा क्षेत्र में बनी दीवाल को गिराते हुए नल के पानी उपयोग करने नही दे रही है कहते हुए मेरी मां परमजीत कौर, भाई मनमीत सिंह, छोटी बहन एवं जगजीत सिंह चारों एक राय होकर मुझे और मेरी बेटी को गाली देते हुए कहने लगे कि तुम दोनों को जान से मार देंगे। इसके बाद चारों ने मुझे व मेरी बेटी का बाल खींचकर गले को दबा कर हाथ मुक्का व ईंट से मारपीट की, जिससे मैं जोर से मदद के लिए चिल्लाई। मदद के लिए चिल्लाने पर मारपीट करने वाले मेरी माँ, भाई व बहन चले गए और जाते जाते भाई मनमीत ने मेरी बेटी को धमकी देते हुए कहा कि तू जहां काम करने जाती है, तुझे रास्ते मे गाड़ी से कुचलवा देगें। हमारे पास लायसेंस है, हमारा कुछ नहीं कर पाओगे। उक्त बातों से मेरी तथा मेरी बेटी के मन मे अनहोनी की अशंका बनी हुई है और डर बना हुआ है। मारपीट से आई चोट लगने से मेरे दोनों हाथ, पीठ तथा सीने व दोनो घुटनो में चोट आई है। मेरी बेटी के दोनो हाथ, दोनो पैर ▶▶ शेष पेज 12 पर



## ग्रामीणों ने हाईवा के बाद अब पकड़े चार ट्रैक्टर, आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- पखांजुर प्रशासन ने रेत अवैध उत्खनन पर साधा मौन



पखांजुर तहसील अंतर्गत परतापुर घाट में अवैध रेत खनन और परिवहन में लगे 4 ट्रैक्टर को ग्रामीणों ने पकड़ा। यह ट्रैक्टर कोटरी नदी घाट से रेत भरकर लौट रहे थे। ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा और गांव ले आए। कुछ दिन पहले भी इसी घाट में हाईवा और चैन माउंटेन मशीन से रेत खनन हो रहा था। तब भी ग्रामीणों ने हाईवा पकड़ा था, लेकिन प्रशासन की मदद नहीं मिलने से रात में चालक वाहन लेकर भाग निकले थे।

जानकारी के अनुसार परतापुर घाट पूरे क्षेत्र में अवैध रेत सप्लाई का केंद्र बन गया है। यहां से 300 रुपए प्रति ट्रॉली की वसूली होती है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर से किया था और कार्रवाई की मांग को लेकर आवेदन भी सौंपा था। ग्रामीणों ने आवेदन में लिखित में शिकायत किया था कि ग्राम पंचायत परतापुर के सरपंच पति के द्वारा प्रति ट्रैक्टर 300 रुपए की वसूली की जाती है। वसूली के लिए गांव के एक व्यक्ति को 500 रुपए की रोजी पर रखा गया था। रोजी में काम करने वाले व्यक्ति ने बताया कि वह रोज शाम को पूरा पैसा सरपंच पति को देता था। इस आवेदन पर प्रशासन ने ग्रामीणों को दो दिन में अवैध रेत खनन पर कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन दो माह बीतने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया गया। इससे नाराज ग्रामीणों ने खुद ही ट्रैक्टर पकड़ने की जिम्मेदारी ली है। गांव के राधेलाल नाग, गौतम नरवास, देवनिधि नरवास, जागेश्वर बघेल, कलदेव एवं अन्य ने बताया अब रेत माफिया घाट के दूसरी ओर से रास्ता बनाकर खनन कर रहे हैं, ताकि ट्रैक्टर गांव और थाने के सामने से न गुजरें। ग्रामीणों ने कहा ▶▶ शेष पेज 12 पर



## संचार एवं सत्कर्म सभापति ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

- अधूरे कार्यों को देखकर जताई नाराजगी

विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत दमकसा के आश्रित ग्राम आमागुहान एवं ग्राम पंचायत दमकसा में चल रहे निर्माण कार्यों बहुत दिनों से बंद होने की जानकारी आमागुहान के ग्रामीणों के द्वारा मिलते ही संचार एवं सत्कर्म सभापति निर्माण कार्यों को निरीक्षण के लिए पहुंचे और ग्राम आमागुहान के ग्रामवासियों से चर्चा कर उनके गाँव में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी लिया। अधूरे निर्माण कार्य को संबंधितों पर नाराजगी जाहिर किया। संचार एवं सत्कर्म सभापति विकास राजू नायक ने आमागुहान में निर्माणधीन पुलिया का निरीक्षण किया तथा कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए अधिकारियों को कहा। उन्होने कहा कि जो भी ठेकेदार दुर्गूकोंदल ब्लॉक में निर्माण कार्यों एवं अन्य परियोजनाओं का कार्यों को ठेके लिए है और कार्य धीमी गति से चल रहा है, उन सभी कार्यों को समय से पूर्ण कराएं। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लाभार्थीपरक योजनाओं एवं कार्यक्रमों की तकनीकि सहायक की समीक्षा ▶▶ शेष पेज 12 पर

**सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान पर नियम तो बने, लेकिन नहीं हो रहा उनका पालन**

# दिवस के दिन याद किए जाते है दिवस, सालभर दिवस को लेकर चलते रहती है आंकड़ेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई को कई प्रकार के कार्यक्रम करके फोटो खिंचाकर और समाचार पत्रों में छापकर दिवस के दिन दिवस को याद कर लिया जाता है, उसके बाद सालभर दिवस को लेकर कागजों में आंकड़ेबाजी का खेल चलता रहता है। प्रदेश मुख्यालय पर बैठे एसी में अ असफर कागजों के आंकड़ो पर पीठ को थपथपाते रहते है। आंकड़ों के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष तंबाकू सेवन के कारण लगभग 13.5 लाख लोगों की असमय मृत्यु होती है। ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे के अनुसार छत्तीसगढ़ की कुल जनसंख्या में से 39.1 प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं, जबकि 21.9 प्रतिशत लोग कार्यस्थलों पर भी इसका उपयोग करते पाए गए हैं। और भी अधिक चिंता का विषय यह है कि ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के 13 से 15 वर्ष के लगभग 8 प्रतिशत स्कूली बच्चे तंबाकू सेवन की लत के शिकार हो चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इसके पीछे तंबाकू उत्पादों की आसान उपलब्धता और लुभावने प्रचार जिम्मेदार हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के तहत तंबाकू नियंत्रण का प्रावधान है, परंतु इसकी जिला स्तर पर निरंतर मानीटरिंग नहीं होने के चलते आंकड़े केवल कागजों में तैयार किए जाते है। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तंबाकू मुक्त बनाए जाने के लिए प्रयास किए जाने का प्रावधान है ▶▶ शेष पेज 12 पर

### कानून सख्त है, नहीं हो रहा पालन

तंबाकू का धुआं केवल उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि आस-पास के लोगों के लिए भी गंभीर स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध के नियम लागू है, परंतु उनको पालन करवाने के लिए जमीनी स्तर पर अधिकारी साल में केवल दो से चार बार ही नजर आते है। वातानुकूलित कक्षों में बैठे अफसर जब तक कक्ष से बाहर नहीं निकलेंगे, तब तक केवल आंकड़ो का खेल चलता रहेगा।




### 2025 की यह है थीम

तंबाकू सेवन की सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्यगत हानियों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष की थीम अपील का पर्दाफाश, तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को बेनकाब करना रखी गई है, जो युवाओं को निशाना बनाकर किए जा रहे भ्रामक विज्ञापनों व प्रचार-प्रसार की नीतियों को उजागर करने पर केंद्रित है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक जिले की 5 ग्राम पंचायतों को धूम्रपान मुक्त घोषित करने की पहल शुरू की गई है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर रोक लगाने सतत कार्यवाही के लिए आदेशित किया गया है।

## भर्रीटोला के लोगों को मिलेगी राहत, सड़क के लिए भूमिपूजन

**उमरादाह।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत चरभट्टी के आश्रित ग्राम भर्रीटोला में सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सीसी सड़क बन जाने से अब भर्रीटोला के लोगों को राहत मिलेगी, वहीं ग्रामीणों ने कहा कि यह माँग लंबे समय से की जा रही थी , जो अब पूरा हुआ है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य संजना वट्टी, जनपद सदस्य पुष्पा कोड़ोपी, सरपंच सुरेंद्र कोर्राम, उपसरपंच अखिलेश उईके, पंच सवन पटौती, धर्मेंद्र कुमार, राजेश कोडोपी, मीना, संतोष कुमार, कमल, रूपरेखा, गोमती आदि की उपस्थिति रहे।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर व्दारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
डायलिसीस
- सीआरएफ एवं एआरएफ के मरीजों की अत्याधुनिक फ्रेसिनियस की डायलिसीस मशीन द्वारा
- हिमोडायलिसीस
- पेरीटोनियल डायलिसीस
- सीएपीडी
- बच्चों की किडनी की बामारियों का ईलाज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### किशोरी बलिकाओ एवं महिलाओ को किया जागरूक

**दुर्गूकोंदल।** विश्व महावारी दिवस के अवसर पर चिरायु टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गूकोंदल के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम हड्फड में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियां एवं माहवारी के दौरान स्वछता और स्वस्थय के प्रति जागरूक रहने की जानकारी दी। महवारी के संबंध में डॉ. नंदिनी साहू द्वारा किशोरी बलिकाओ एवं महिलाओ को बताया गया कि इसमे शरमाने की बात नही है, बल्कि यह एक स्वभाविक जैविक प्रक्रिया है, जो नारी के स्वस्थय सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इसके बारे में खुलकर बात करना ही मानसिकता में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में पहला कदम है।

### युवा जानलेवा गड्ढो को भरने के लिए मजबूर



**कांकेर।** पखांजुर नगर के मुख्य मार्ग पर बने गहरे गड्ढो से लोग परेशान हैं। कई गड्ढे इतने बड़े और गहरे हो गए हैं कि जानलेवा साबित हो रहे हैं। इन गड्ढो में गिरकर दुपहिया वाहन चालक गिर रहे हैं, लेकिन अब तक इस और लोक निर्माण विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। बारिश से पहले इन गड्ढो की मरम्मत नहीं की गई, तो दिक्कत ज्यादा बढ़ जाएगी। सरकारी अमले के सक्रिय नहीं होने पर नगर के युवा जानलेवा गड्ढो को भरने के लिए मजबूर हो रहे है।

### विहिप बजरंग दल ने नगर में निकाली पद संचलन यात्रा



**कांकेर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोह 31 मई को सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल गढ़पिछवाड़ी में रखा गया। समापन समारोह वर्ग दर्शन कार्यक्रम शाम 7 बजें से हुआ। इसके पहले शाम 5 बजें नरहरदेव स्कूल खेल मैदान पर नगर संचलन यात्रा निकाली गई। नगर संचलन यात्रा में भारी संख्या में युवओं ने भाग लिया। यात्रा शहर के मुख्य मार्ग होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर गढ़पिछवाड़ी पहुंची। रास्ते में जनप्रतिनिधियों ने फुल बरसाते हुए स्वागत किया। यात्रा में युवा अपने हाथों में भगवा ध्वज लहराते हुए शौर्य संचलन यात्रा में चल रहे थे।

### मधुसूदन दास को दी गई भावभीनी विदाई

**कोण्डागांव।** नगर पालिका कार्यालय में मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर वरिष्ठ वाहन चालक मधुसूदन दास को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। मधुसूदन दास पिछले 40 वर्षों से नगर पालिका में वाहन चालक के पद पर कार्यरत थे और उन्होंने अपनी निष्ठा, अनुशासन व कर्तव्यपरायणता से सभी का दिल जीता। विदाई समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे, पार्षदगण, नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अभियान : कृषि और उत्पादन में आएगा क्रांतिकारी परिवर्तन

# कृषि संकल्प अभियान किसानों को आधुनिक व नई तकनीक की जानकारी देगी : राजू नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- जनपद सभापति ने कृषि आधुनिकीकरण की महत्ता पर दिया जोर

भारत देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद भारत सरकार के द्वारा किसानों कों उन्नत कृषि एवं कृषि सम्बंधित अनेकों जानकारी के लिए जागरूक करने के लिए चलाये जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन दुर्गुकोंदल ब्लॉक के ग्राम पंचायत जाड़ेकुर्से में आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में अपने विभाग के बारे में सभी ग्रामीणों कों जानकारी साझा किया, जिसमें कृषि विभाग से मिल रहे सभी लाभों एवं जानकारियों को वरिष्ठ कृषि अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि अधिकारी के द्वारा साझा किया और साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में नरेंद्र गावड़े के द्वारा जानकारी दी गई एवं पशु विभाग से सरिता ठाकुर पशु चिकित्सक के द्वारा जानकारी दी गई। जनपद सभापति विकास राजु नायक ने कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान, एक समग्र पहल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर कृषि वैज्ञानिक और शोधकर्ता प्रयोग शाला से खेत तक जाकर उन्नत एवं संतुलित कृषि के संबंध में किसानों को जागरूक करेंगे तथा किसानों से भी सुझाव लेंगे। इसका उद्देश्य कृषि के आधुनिकीकरण के लिए किसानों को कृषि की नई विधियों, सरकारी योजनाओं के लाभों और नई तकनीकियों के बारे में जागरूक करना है। विकसित कृषि संकल्प अभियान एक राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसे भारतीय कृषि के आधुनिकीकरण के लिए वैज्ञानिक प्रसार, स्थायी प्रथाओं और किसान सशक्तीकरण के माध्यम से प्रारंभ किया गया है। विकसित कृषि संकल्प अभियान वर्ष में दो बार खरीफ और रबी की बुवाई के पूर्व आयोजित किया जाता है, ताकि फसल उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य और संसाधन प्रबंधन को सुधारने के लिए समय से क्षेत्रीय स्तर पर मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके।




### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सत्कर्म जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल अध्यक्षता चांदनी शांतिलाल जाड़े सरपंच ग्राम पंचायत जाड़ेकुर्से, विशेष अतिथि कन्हैया पात्र सरपंच ग्राम पंचायत परभेली, संतु नरेटी लेमप्स अध्यक्ष लोहत्तर, राजकुमार उसेंडी वार्ड पंच, सियाराम जैन, देवजी देहारी, रामलाल कोर्राम, ग्रामवासी हिरा बाई दरपट्टी, पंथी यादव, लता कोर्राम, दामिनी जाड़े, बैसाखु जाड़े, बिरजू पुड़ो, कन्हैया जाड़े, धरमदेव, बिसरा जैन, हंसा राना नरम जाड़े, संगीता जैन, जोहत्रीन जैन, भारती सिन्हा, भुनेश्वरी जैन, प्रतिमा नाग, खोरीन जैन, सनेशवरी जैन, गवत्री जैन सहित कृषि विस्तार अधिकारी एसएल नरेटी, उद्यानिकी विभाग धीरज उइके, पशु विभाग सरिता ठाकुर पशु चिकित्सक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डोमेन्द्र धारीवाल नरेंद्र गावड़े, सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से युवक और बच्चे दोनों घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस



कांकेर थानांतर्गत सिंगारभाट कांकेर बंगालीपारा का युवक बच्चों के साथ रात को टहलने के लिए निकला था। तभी केशकाल से कांकेर कि ओर आ रही तेज रफ्तार वाहन ने युवक और बच्चे को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे दोनो को गंभीर चोटे आई है। घायलो को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे बंगालीपारा सिंगारभाठ निवासी 36 वर्षीय संगीता दास पति विकास दास ने पुलिस को बताया कि 28 मई को रात करीबन 9 बजे मेरे पति विकास दास मेरे भाई के बच्चे तनीषा उम्र 4 वर्ष को घुमाने के लिए मेन रोड की ओर लेकर गया था। केशकाल की ओर से कांकेर शहर की ओर आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीई 4922 का चालक अपने वाहन को उतावलेपन से तेज एवं लापरवाही पूर्व चलाते हुए पिछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे पति विकास दास के हाथ, पैर, सिर एवं कमर में गंभीर चोट तथा शरीर के अन्य अंगों में अंदरूनी चोट लगा है तथा बच्ची तनीषा के हाथ एवं सिर में चोंट लगा है, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीई 4922 के चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### नवाचारी शिक्षक सम्मान से मोती हुए सम्मानित

**कांकेर।** रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा संचालक ऋतुराज रघुवंशी ने शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न नवाचारों के माध्यम से बच्चों में कौशलात्मक व सृजनात्मक विकास करने वाले विकासखंड नरहरपुर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भनसुली के शिक्षक मोती सिंह नेताम को नवाचारी शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।



## अधिक शराब पीने से मना करना युवक को पड़ा महंगा, दोस्तों ने मिलकर कर दी पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



अपने दोस्तों को शराब का सेवन करने से मना करना युवक को महंगा पड़ गया। युवक ने अपने दोस्त को अधिक शराब पीने से मना किया। शराब पीने के लिए मना पर करने से नाराज युवक अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित युवक के साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दी।

बांदे थाना में शिकायत करने पहुंचे 25 वर्षीय धनीराम गावड़े पिता मगडू राम गावड़े ने पुलिस को बताया कि 29 मई को रात करीबन 8 बजे सुब्रत होटल/दुकान में सामान खरीदने के लिए गया था। वहां पर पहले से तरूण सरकार ऊर्फ विट्टू, सुरज गाईन उद्धव बछाड, सुरंजन गाईन उपस्थित थे और आपस में बातचीत कर रहे थे। मैं महाराष्ट्र जाने के लिए अरूण सरकार के चार पहिया वाहन को ले जाने के लिए बातचीत कर रहा था। अरूण सरकार पहले से शराब के नशे में था। अरूण सरकार के द्वारा वाहन को ले जाने के लिए बोला और साथ में खुद भी चलुंगा बोलने लगा तो मैंने अरूण सरकार को ज्यादा दारू मत पियो शादी में जाना पड़ेगा बोला तो मेरे से नाराज होकर वाहन की चाबी को मांग लिया और गाली देने लगा। मैने गाली देने से मना किया तो अरूण सरकार, सुरज गाईन, उद्धव बछाड़, सुरंजन गाईन चारो एक राय होकर गाली दिए और हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे। युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अरूण सरकार, सुरज गाइन, उद्धव बछाड़ और सुरंजन गाइन के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



## शिक्षकों का विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण बर्दाश्त नहीं, सर्व आदिवासी समाज करेगा उग्र आंदोलन

**अंतागढ़।** विकासखण्ड में स्कूलो एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण विषय पर शिक्षकों एवं सर्व आदिवासी समाज प्रमुखों का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से सेटअप 2008 एवं मर्ज शालाओं में विसंगति युक्त सरकार के द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर कैसे पद समाप्त किया जा रहा है, इन समस्त विषयों पर चर्चा परिचर्चा किया गया। चर्चा के पश्चात आदिवासी संघ प्रमुखों के द्वारा सरकार की इस गलत नीति का पुरजोर विरोध एवं रैली करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाजसंत सलाम, जिला अध्यक्ष टीचर्स एसोसिएशन डुमेंद्र साहू, राजीव चक्र , मोनू कौशल, लिलेश्वर माहवे, अरुण रामटेके, किशोर नागवंशी, ऋतुराज सेन, पुनिता वैद, सीमा उइके, शिला नाग, रमेश कटिंगल, संत कोरेटी, शिक्षक एवं संघ प्रमुख उपस्थित रहे।

### कार- बाइक में टक्कर होने से युवक- युवती की मौत

**फरसगांव।** नेशनल हाइवे 30 पर सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रही है । हर दिन कोई न कोई सड़क हादसा हो रहा है। जिसमें कई लोगों की जान जा रही है कई लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे है। शनिवार को फरसगांव थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 30 आवराभाटा चौक के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसे में बाइक सवार युवक युवती की मौत हो गई है । जानकारी अनुसार माकड़ी क्षेत्र के ग्राम मंगेदा प्लाटपारा निवासी दुर्गेश नेताम पिता स्व अर्जुन नेताम उम्र 19 वर्ष और अरूणा मरकाम पिता लालसाय मरकाम उम्र 19 वर्ष यह दोनों बाइक क्रमांक सीजी 05 एएल 0761 में सवार होकर केशकाल की ओर जा रहे थे।

## ब्रिज निर्माण के लिए रखे सरिया की चोरी करते दो लड़कों को प्रबंधक ने रंगे हाथों पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- वाहन और सामान को किया पुलिस के हवाले



रेल विकास निगम लिमिटेड से दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना में रेल्वे लाईन निर्माण कार्य व ब्रिज निर्माण कार्य चल रहा। ब्रिज निर्माण के लिए रखे सरिया को दो लड़के चोरी कर ट्रैक्टर में भरकर ले जा रहे थे। चोरी के सरिया को ट्रैक्टर से परिवहन करते हुए शिवम कोण्डेव प्रायवेट लिमिटेड कम्पनी में प्रोजेक्ट मैनेजर और उसके दो साथियों ने पकड़ा। दोनो चोर को प्रबंधक ने थाना में पहुंचाया और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया।

रावघाट थाना में शिकायत करने पहुंचे झारखंड के गोड्डा जिला, थाना पोडैयाहाट थानांतर्गत ग्राम गुम्मा निवासी 47 वर्षीय अमर कांत पाठक पिता अखिलेश्वर पाठक हाल निवास शिवम कोण्डेव प्रायवेट लिमिटेड रेल्वे कैम्प पाडरगांव थाना रावघाट ने पुलिस को बताया कि शिवम कोण्डेव प्रायवेट लिमिटेड कम्पनी में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत हूं। रेल विकास निगम लिमिटेड से दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना में रेल्वे लाईन निर्माण कार्य के लिए अनुबंध में कार्य प्रगति पर है, जहां ब्रिज के काम के लिए 10 व 12 एमएम का सरिया भिलाई स्टील प्लांट उपलब्ध कराता है।

रेल्वे ब्रिज क्रमांक 354,355 ग्राम बैहासालेभाट में ब्रिज निर्माण का कार्य चल रहा था। जहां से कुछ माह पूर्व से 10 व 12 एमएम का सरिया सैल लिखा हुआ थोड़ी-थोड़ी मात्रा में चोरी हो रहा था, जिसकी पतासाजी में लगे हुए थे। इसी दौरान 30 मई कि रात 8 बजें मै, धमेन्द्र कुमार सिंह और जयंत कुमार सिंह के साथ पाडरगांव कैम्प से नारायणपुर जा रहें थे। तभी रास्ते में सरंगीपाल बीएसएफ कैम्प के पास एक टैक्टर लाल रंग की वाहन क्रमांक सीजी 08 एक्यू 0405 में सरिया लेकर दो लड़के बैहासालेभाट से दण्डकवन की ओर जा रहे थे। शंका होने पर वाहन को रोकवाकर देखा और चेक किया तो सभी सरिया में सैल लिखा हुआ था तथा लड़को से पुछताछ करने पर एक ने अपना नाम मिथलेश सलाम व दुसरे ने रमेश कुमार सलाम ग्राम भैंसगांव का होना बताया।

कुल 35 नग सरिया फुल लैंथ और 9 नग कालम बना हूआ जो कुल किमती 35 हजार ट्रैक्टर में भरकर मिथलेश सलाम व रमेश कुमार सलाम चोरी कर ले जा रहे थे। दोनो चोर को टैक्टर और सरिया के साथ थाना लाए है। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मिथलेश सलाम और रमेश कुमार सलाम के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## बनियागांव के पोस्टमैन पदुमसिंह को सेवानिवृत्ति पश्चात दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भारतीय डाक विभाग में लंबे अरसे से पदस्थ ग्रामीण डाक सेवक सहायक शाखा डाकपाल बनियागांव पदुम सिंह सेठिया को सेवानिवृत्ति होने पर 31 मई शनिवार को स्थानीय उप डाकघर में डाकघर के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर सर्वप्रथम उन्हें तिलक वी फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह के रूप में उन्हें उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर उप संभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा ने उनके चार दशक के कार्य को बेहतरीन तरीके से करने के लिए डाक विभाग की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं उनके कुशल व्यक्तित्व कार्य शैली की प्रशंसा की गई। श्री सेठिया ने समस्त नए कर्मचारियों को अच्छे से ईमानदारीपूर्वक कार्य करने की बात कही एवं विभाग में रहकर आगे बढ़ने की नसीहत दी। इस मौके पर वित्तीय वर्ष 2024–25 में अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति डाक सेवक पदुमसिंह सेठिया के द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। अंत मे स्वल्पाहार पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सूरज लाल गोटी उपडाकपाल, प्रीतम गुप्ता मैनेजर आईपीपीबी, दयाराम ध्रुव, कवित्त ठाकुर, नईम खान, डिकेश मिर्झा, अनिल दीवान, संदीप राव, हरेंद्र यादव, सुर्य प्रसाद दीवान, चेतमन मरकाम, बालमुकुंदी बंजारे, भारत साहू, पीयूष सिन्हा, विदोस दीवान, जगदेव सोनवानी, बुधराम साहू, आदिल अहमद, अतुल यादव, देवचंद सेठिया, सुबरु कश्यप, चमन नेताम, शंकर दीवान, दिनेश वट्टी, नेहा मिश्रा, कमलेश मरकाम, राहुल, सियाराम सोरी, अभय, सतीश, कृष्णा, सन्नी, वेदप्रकाश, सपना, नीलू, रमिला, रूबी दिवाकर, मुस्कान पटेल, अंजली बर्मन, मेघा ठाकुर, निशा यादव, महिमा साहू, राधा, पूजा सोरी, तरुणा, सुप्रिया साहू, मधु, पूजा सरकार सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ठगी के अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ नकली टीवी बेचने वाले दो पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



पुलिस और साइबर टीम ने एक संयुक्त कार्रवाई में नकली टेलीविजन बेचकर ठगी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई में उत्तरप्रदेश से आए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 7.20 लाख रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की गई है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग कोंडागांव और आसपास के क्षेत्रें में नकली टेलीविजन को कम दाम में बेचकर लोगों से ठगी कर रहे है। इस सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। जिसमें साइबर सेल के सदस्य भी शामिल रहे। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पहचान की और उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे एक सुनियोजित तरीके से लोगों को ठगते थे। वे सस्ते और नकली टेलीविजन को महंगे ब्रांडेड टेलीविजन बताकर बेचते थे और लोगों को गुमराह करते थे।

## पॉवर हाउस उपकेन्द्र में रखरखाव, डेढ़ घंटे बंद रखी गई बिजली



**जगदलपुर।** शहर के पॉवर हाऊस स्थित उपकेन्द्र में मशीन का रख-रखाव कार्य के लिए डेढ़ घंटे तक बिजली बंद रही, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव के निर्देश पर सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी के नेतृत्व में आधा दर्जन कर्मचारी सुधार में जुटे रहे।

## पेज 11 के शेष...

### रिटायरमेंट के नजदीक...

करने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि जब तक सरकर उनकी मांगों पर विचार नहीं करती, तब तक वे इस कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगे।

### जमीन को लेकर...

व गले में चोट आई है। प्रार्थियां की शिकायत पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2)बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

दूसरे पक्ष की ओर से शिकायत करने पहुंचे बाजारपारा भानुप्रतापपुर निवासी 65 वर्षीय परमजीत कौर ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी रंजीत कौर और नवप्रीत कौर दोनों बाजारपारा भानुप्रतापपुर निवासी एक राय होकर 30 मई को दोपहर ढाई बजे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट भी की। शिकायत पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2)बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

### ग्रामीणों ने हाईवा...

वे लगातार अवैध खनन बंद कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन चुप है। पिछले सप्ताह से बारिश के कारण वसूली बंद है, लेकिन अवैध रेत खनन अब भी जारी है।

### संचार एवं सत्कर्म...

करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को चेताया कि प्रत्येक दशा में योजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएं अन्यथा उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, उनके साथ ग्राम के उपसरपंच बीरेंद्र देहारी लव कोमरा, बीरेंद्र जैन सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### दिवस के दिन...

, परंतु साल में दो से चार बार जिम्मेदार अधिकारी सक्रिय नजर आते है, उसके बाद मौन साध लेते है। राज्य के हजारों शैक्षणिक संस्थान तंबाकू मुक्त घोषित किए जा चुके हैं, परंतु यह सब कागजों में ही अच्छा दिखता है, जमीनी हकीकत कुछ और है।

## तंबाकू के दुष्प्रभाव और कानूनी प्रावधानों पर किया जागरूक

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर लगाया विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- छात्र-छात्राओं को विधिक अधिकारों और सुरक्षा के बारे में भी दी गई जानकारी

31 मई 2025 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव सुरेन्द्र भट्ट के द्वारा जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज कोण्डागांव में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।




विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रें एवं आम नागरिकों के प्रति जागरूक करना तथा तंबाकू निषेध से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में लोगों को शिक्षित करना रहा। प्रतिधारक अधिवक्ता ने संबोधन में कहा कि तंबाकू न केवल व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए हानिकारक है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने बताया कि भारत में तंबाकू निषेध से संबंधित विभिन्न कानून जैसे सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादक सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

### विधिक जागरूकता लाने का प्रयास

शिविर में छात्रों को विधिक अधिकारों, स्वास्थ्य संबंधी कानूनों एवं नशामुक्ति के साथ–साथ छात्र–छात्राओं के प्रति विधिक जागरूकता लाने के लिए उनके अधिकारों को बताते हुए बालिकाओं के लिए बनी कानूनी संरक्षण, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह निषेध अधिनियम पॉक्सो एक्ट अधिनियम, यातायात अधिनियम तथा निःशुल्क विधिक सहायता जैसी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर लाईवलीहुड कॉलेज कोण्डागांव से तनुजा ठाकुर, डालिमा साहू एवं अधिकार मित्र लोकेश यादव, रंजन बैध उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### तोयनार में समाधान शिविर का आयोजन



**बीजापुर।** ग्राम पंचायत तोयनार में समाधान शिविर का आयोजन तोयनार थाना के सामने मैदान में किया गया। सुशासन तिहार में ग्राम पंचायत तोयनार, मिड़ते, मोरमेड़, पापनपाल, धनोरा से 1055 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसका विभागवार निराकरण की जानकारी दिया जाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। शिविर में बाल विवाह मुक्त शपथ, नशा मुक्त शपथ भी कराई गयी। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों में निराकरण कर आवश्यक सामग्री एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। सुशासन तिहार में खाद्य विभाग द्वारा कमला आरकी को राशन कार्ड दिया गया। इसी तरह समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रोणित पोन्दी को व्हील चेयर एवं दुर्गम को श्रवण यंत्र वितरण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा अयांसी कुड़यिम, मायरा तेलम, अनोक कुड़यिम, प्रतीक्षा तेलम, अंशिका मांझी एवं निहारिका बाड़से को जाति प्रमाण पत्र वितरण किया गया। वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आशा सल्लूर को व्यक्तिगत शौचालय एवं वने कोरसा को पेंशन प्रमाण पत्र तथा कोसी कुड़यिम एवं राकेश कुड़यिम को प्रधानमंत्री आवास वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत गीता परम एवं सुधरी कुड़यिम को गोदभराई तथा ऋषभ वाचम एवं भावी दुर्गम को अन्नप्राशन्न किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकारी कोरसा सहित जिला पंचायत सदस्य श्री मथियस कुजुर एवं जनपद तथा पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

### समर क्लासेस में बच्चे हो रहे अनेक कलाओं से पारंगत




**लोहंडीगुड़ा।** कैंब्रिज केरला स्कूल धुरागांव में बच्चों की ग्रीष्मकालीन छुट्टी का रचनात्मक उपयोग करने और बच्चों को नए-नए कलात्मक कार्य सिखाने के उद्देश्य से स्कूल की प्रिंसिपल सुनीता मूर्ति के द्वारा स्कूल में 1 मई से बच्चों के लिए समर क्लासेस का आयोजन किया गया है। इन समर क्लासेस में बच्चों को अनेक प्रकार के हाथ की कला सिखाई गई जैसे कराओके सॉन्ग, ग्लास वर्क, ब्लॉक प्रिंटिंग, ज्वेलरी मेकिंग, मटका डेकोरेशन, गोल्डन सिल्वर ट्री मेकिंग, क्ले वर्क, गिटार प्रैक्टिस, बांसुरी प्रैक्टिस, डांस, मेडिटेशन, इंग्लिश स्पिकिंग, फ्लावर मेकिंग, चाकड़ा डिजाइन, सेंड आर्ट, सीमेंट पॉट मेकिंग। इन समर क्लासेस का बच्चों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक लाभ उठाया। इसमें बच्चों ने अनेक प्रकार की कला सीखी जिसका उनको दैनिक जीवन में और भविष्य में भी बहुत लाभ मिलेगा। कैंब्रिज केरला मॉडल स्कूल धुरागांव की प्रिंसिपल सुनीता मूर्ति ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अन्य कलात्मक, खेल कूद, शारीरिक व्यायाम इत्यादि क्रियाकलाप भी बहुत आवश्यक है।

## 3116 में से 2634 आवेदन का हुआ है निराकरण

# सुशासन तिहार में लोगों को समस्याओं के निराकरण का भरोसा : महेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा




बस्तर सांसद महेश कश्यप छिंदगढ़ विकासखंड के ग्राम तालनार में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। यह समाधान शिविर क्लस्टर मिनी स्टेडियम तालनार में आयोजित हुआ। सांसद ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। सांसद महेश कश्यप ने समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार लोगों की समस्या का निराकरण उनके घर उनके द्वार तक पहुंचकर कर रही है। हमारी सरकार जनता के प्रति पूर्ण रूप से जवाबदेह है। तालनार क्लस्टर में कुल 3116 आवेदन आए हैं जिनमें से 2634 आवेदन का निराकरण किया जा चुका है। जो इस बात को दर्शाता है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण का भरोसा है। सरकार गांव, गरीब और किसान के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों की बेहतरी और तरक्की के लिए विष्णुदेव साय सरकार में काम लगातार जारी है। पीएम आवास योजना के तहत 18 महीने में 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं। अभी सर्वेक्षण का कार्य जारी है। हर ग़रीब को पक्का आवास मिलेगा यह मोदी की गारंटी को हमारी सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, बोनस वितरण तथा महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं-बहनों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी और जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम ने भी उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया।

■ गर्वभती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण पोष्टिक खाद्यान्न किट मिला

सांसद महेश कश्यप ने जनप्रतिनिधियों सहित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जमीनी पहुंच एवं लाभान्वित हितग्राहियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान राशि का वितरण, पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड, पीएम आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, शौचालय निर्माण स्वीकृति, पीएम आवास का प्रथम किश्त, आयुष्मान कार्ड, नवीन राशन कार्ड, किसानों को किसान किताब, खसरे का नकल, बी1 नकल, जाति प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा आयोजित बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया और गर्वभती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण पोष्टिक खाद्यान्न किट का वितरण किया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त शरतचंद्र शुक्ला, तहसीलदार इरशाद आलम, जनपद सीईओ पीके गुप्ता, जमुना मांझी, दिलीप पेद्दी, आयता राम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य, सरपंच सहित अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभाव से लोगों को जागरूक करने किया प्रोत्साहित



**सुकमा।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार आईटीआई सुकमा में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ.यामिनी कुदराम नोडल अधिकारी एनटीसीपी, डॉ. प्रीतेश सिंह दंत चिकित्सक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोरनापाल एवं मंगल राम नाग दंत सहायक द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुकमा में तम्बाकू के दुष्प्रभाव और समाज में बढ़ रही नशे के प्रति जागरूकता लाने हेतु जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों द्वारा तम्बाकू के दुष्प्रभाव, तम्बाकू से होने वाली बीमारियां, तम्बाकू छोड़ने के उपाय को चित्रकला एवं निबन्ध के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. यामिनी और डॉ. प्रीतेश ने छात्रों को तम्बाकू से बने मादक द्रव्यों के सेवन से शरीर में पड़ने वाले दुष्प्रभाव को विस्तार से बताया। उन्होंने युवाओं का ध्यान आकृष्ठ करते हुए कहा गया कि हमारा शरीर एक मन्दिर के समान है, जिसे स्वच्छ बनाये रखना हम सबकी ज़िम्मेदारी है।

## शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने में सबका सहयोग जरूरी : पाण्डे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती पर आज सुबह लालबाग मैदान में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, शहर के गणमान्य नागरिक, स्वच्छता एंबेसडर्स, निगम कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

■ लालबाग मैदान को साफ-सफाई करने में आम लोंगो ने भी किया श्रमदान

महापौर ने कहा सप्ताह में एक दिन चिन्हित स्थान पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। हम पुरे शहर को स्वच्छ बनाना चाहते हैं, लेकिन इस अभियान में सभी लोगों के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी। शहर में हरियाली लाना मुख्य उद्देश्य है। सफाई अभियान के साथ-साथ आगामी दिनों में पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे। सभी लोगों के योगदान से शहर हरा भरा एवं स्वच्छ हो यही हमारा उद्देश्य है।

सफाई अभियान में पूर्व महापौर सफिरा साहू, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पानीग्राही, संजय विश्वकर्मा, राणा घोष, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद हरिश पारेख, यशवंत ध्रुव, दिगंबर राव, किरण दीवान, अनिल लुक्कड़, कोटेश्वर नायडू, रतन व्यास, विधु शेखर झा, राजीव निगम, वाय एन कुकड़े, डीके पाराशर, सतीश बाजपेई, रोशन झा, धर्मेंद्र चौहान, वीरेन्द्र जोशी, विनायक बेहरा, सुप्रीयो मुखर्जी, दिलीप सुंदरानी, बृजेश शर्मा, विवेक जैन, अनिल दास, अरुण देवांगन, धीरेन्द्र सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## बाढ़ राहत के लिए अधिकारियों की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

मानसून सत्र के लिए बाढ़ आपदा से निपटने तथा प्रभावित क्षेत्र के लोगों को उचित राहत पहुंचाने तहसील कार्यालय में विकासखंड स्तर के प्रमुख अधिकारियों का बैठक संपन्न हुआ। इस बैठक में मुख्य रूप से कोंटा अनुविभागीय अधिकारी शबाब खान, तहसीलदार गिरीश कुमार निंबलकर, जनपद सीईओ नारद कुमार मांझी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी झम्मन लाल साहू तथा मुख्य चिकित्सका दीपेश चंद्राकर विद्युत विभाग के कनिष्ठ अधिकारी कमलोचन कर्मा सहित पीएचई विभाग, महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग के प्रमुख अधिकारी राहत शिविर के प्रभारी सहायक प्रभारी नोडल अधिकारी मौजूद थे। ज्ञात हो कि अति वर्षा एवं गोदावरी शबरी उफान के चलते कोंटा बार्डर शबरी तटों पर बसे गांवो तथा नगर के कुछ वार्डों में बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है । जिसके लिए आठ राहत शिविरों का चयन करते हुए समयवार शिविर प्रभारी की नियुक्ति की गई है।

राहत शिविरों में लगाए गये कर्मचारियों के लिए कार्ययोजना तैयार कर लिया गया। इन आपदा राहत शिविर के लिए प्रभारी सहायक प्रभारी बनाए गए है। यह कर्मचारी सभी राहत शिविरों की देखरेख करेंगे। जिसकी रिपोर्ट नोडल स्तर के अधिकारी उच्च अधिकारियों तक देंगे। इन आठ राहत शिविरों के लिए कुल ग्रामवार 13 नोडलों की नियुक्ति की गई है। आपदा के पहले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शबाब खान द्वारा तत्कालिक राहत के लिए लगभग सौ कर्मचारियों के आस-पास शिक्षा विभाग राजस्व विभाग पंचायत विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इन राहत शिविरों तथा बाढ़ प्रभावित लोगों की सेवा के लिए कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 07866261622 से जानकारी आदान-प्रदान की जा सकती है ।

## समाधान शिविर में मांग पत्र पेटी में डाला गया



**भोपालपटनम।** छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा भोपालपटनम के पदाधिकारी श्रीनिवास एटला अध्यक्ष तहसील शाखा, आनकारी सुधाकर मुख्य संरक्षक एवं यालम शंकर बीआरसी के द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर सैंड्रापल्ली में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री के नाम से कर्मचारियों हेतु बैठक एवं अन्य कार्यक्रम आयोजन के लिये कर्मचारी भवन निर्माण हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने मांग पत्र समाधान पेटी में डाला गया। उक्त मांग को समाधान शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर जानकी कोरसा को भी सौंपा गया।

## समाधान शिविर में 102 आवेदनों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है, जिसमें प्रथम चरण आवेदन करने की, द्वितीय चरण आवेदनों का संकलन कर कार्यवाही एवं अंतिम चरण में शिविरों का आयोजन करना। नगर पालिका बड़े बचेली द्वारा 18 वार्डों से प्राप्त पालिका से सम्बंधित 391 आवेदन का निराकरण 7 शिविरों द्वारा किया गया। 31 मई को नगर के बीआरसी भवन में वार्ड 16, 17, 18 से 102 प्राप्त आवेदनों में 102 का निराकरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगर उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी द्वारा शिविर स्थल का निरीक्षण किया गया एवं नगर में चल रहे विकास कार्य, शासन द्वारा हितग्राही मुलक कार्य, शासन की योजनाओं के बारे में शहर वासियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में राजस्व विभाग, स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग, आधार अपडेट उपस्थित रहें। विधायक शिविर में महिला बाल विकास विभाग के अन्न प्राशन, गोदभराई के कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए एवं आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमलेन्दू चक्रवर्ती, पिंटूराम उइके, नीलेश, मनोज सिंह, किरण भदौरिया, नगर पार्षद धंसिंग नाग, पार्षद दीपक सरकार, पार्षद बिना साहू, पार्षद झिलकी बाई, पार्षद श्यामलाल सेठिया, पार्षद मनोज साहा एवं अन्य जनप्रतिनिधि, नगर पालिका मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णा राव, उप अभियंता संतोष नेगी एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## आज खेला जाएगा जिला स्तरीय बैडमिंटन का फाइनल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शुक्रवार से शहर के प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में जारी तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में आज फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के तहत रविवार को प्रातः कालीन सत्र में जूनियर वर्ग के अंडर-13 और अंडर-19 सिंगल्स के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

इसी तरह ओपन्स में बॉयज एंड गर्ल्स वर्ग के सिंगल्स और डबल्स मुकाबले खेले जाएंगे। इसके अलावा पुरुषों के लिए सीनियर वर्ग के तहत 35 प्लस, 50 प्लस और 55 प्लस आयु वर्ग के डबल्स के भी फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। फेदर शटल से खेले जा रहे प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता को बस्तर जिला बैडमिंटन संघ की ओर से ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और नगद इनाम दिया जाएगा। आज शाम प्रतियोगिता का भव्य समापन और पुरस्कार वितरण संपन्न होगा।

## कृषकों को रोजगार और स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने दिया गया पौने 12 लाख का ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक,क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ के मुख्य महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र मणी द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित माड़पाल में सौजन्य भेंट की। समिति में उपस्थित कृषकों ने मुख्य महाप्रबंधक का स्वागत किया।मुख्य महाप्रबंधक ने 6 कृषकों को गौ-पालन के लिए 11.77 लाख का केसीसी कार्ड तथा लैम्प्स माड़पाल, बाबुसेमरा, नगरनार, बम्हनी के 20 किसानों को 24.75 लाख का नवीन केसीसी ऋण दिया गया।

■ उन्नत कृषि के लिए रबी में दलहन फसलों के रकबा बढ़ाने के लिए दिया सुझाव

मुख्य महाप्रबंधक ने अपने उद्बोधन में धान के अतिरिक्त रबी सीजन में पानी का कम उपयोग से दलहन, तिलहन की अच्छी खेती किये जाने की जानकारी दी गई तथा उन्नत कृषि के लिए रबी में दलहन फसलों के रकबा बढ़ाने के लिए सुझाव दिया। इसी अनुक्रम द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के प्रधान कार्यालय में बैंक अधिकारी एवं बस्तर जिले के शाखा प्रबंधकों की बैठक ली गई, जिसमें उनके द्वारा सहकारी बैंक के व्यवसाय में वृद्धि के लिए क्लस्टर आधारित ऋण व सहकारी गांव बनाया जाकर प्रत्येक परिवार के दो सदस्य को आजीविका के लिए फसल ऋण के अतिरिक्त अन्य ऋण भी वितरित करने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त बैंक अधिकारियों को सायबर सुरक्षा, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, विभिन्न प्रकार के नीतियों तथा कमेटियों की समय-समय पर बैठक आयोजित कर बैंक के प्रत्येक गतिविधियों की समीक्षा कर गुण-दोष के आधार पर प्रगतीशील कार्य किये जाने प्रोत्साहित किया गया। इस प्रकार उनके द्वारा बैंक के कार्य पर संतोष व्यक्त किया गया।बैठक में अभिजीत देवरी, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, कुंवर सिंह ध्रुव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी,एसए रज़ा, अतिरिक्त प्रबंधक, एसके कनौजिया, विपणन अधिकारी, बैंक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 7 शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय नवचारी शिक्षा रत्न सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारत के नवाचारी गतिविधियाँ समूह जो देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के सबसे बड़ा स्व-प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है, इसके छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2024-25 का आयोजन 29 मई को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सह एससीईआरटी रायपुर मे आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे जेपी रथ अपर संचालक एससीईआरटी, डॉ बीरघु सहायक संचालक एससीईआरटी, बी एल देवांगन डाइट प्राचार्य,डा एसके जैन डाइट रायपुर, केके साहू डाइट रायपुर, समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित छग एडमिन टीम उपस्थति रहे।

इस कार्यक्रम में बस्तर जिले से नीलमणी साहू, गौतम देवांगन, संध्या कुशल, दुर्गेश्वरी पटेल, हीरमति भारद्वाज, प्रियंका श्रीवास, अभिलाषा नेताम को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम मे सतत सहयोग के लिए बबीता मोटवानी को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित बस्तर जिला टीम से मनीष कुमारअहीर, बबीता मोटवानी, यामिनी, दीपक मौर्य, दीपक यादव, हेमंत कश्यप, कमलेश्वर दास, रियाज अली, मोहम्मद अकबर खान आदि का सतत सहयोग प्राप्त हुआ।

इस समूह से जुड़े सभी टीम मेबर शासकीय विद्यालय मे पदस्थ एसे शिक्षक है जो विद्यालय मे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए आपस मे जुड़कर शासकीय दायित्व के आलावा अतिरिक्त प्रयास कर रहते है।

### कई चरणों में हुआ अवार्ड के लिए चयन

समूह प्रमुख एवं जिला टीम ने बताया कि सम्मान के लिये कई चरणों के बाद अवार्ड के लिए छग सहित अन्य राज्यों के शिक्षकों का चयन हुआ है। सर्वप्रथम वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किया गया। पूरे देश से 700+ से भी ज्यादा नॉमिनेशन की स्कूटनी एवं शॉर्टलिस्ट कर चयन समिति द्वारा संबंधित शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया एवं सबंधित से उनके कार्यो के प्रमाण में दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेजों का उच्च चयन समिति एवं जिला टीम के प्रमाणीकरण के पश्चात चयन सूची जारी किया है। जिसमें ग्राउंड लेवल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक शामिल हैं. जिनको राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2024-25 से सम्मानित किया गया।

## 2715 में से 2714 आवेदनों का निपटारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

सुशासन तिहार समस्याओं का समाधान, आपके शहर, आपके ग्राम समाधान शिविर का आयोजन ब्लॉक की ग्राम पंचायत कचनार आमागुड़ा पारा में किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत मोंगारापाल, झार उमरगांव, ढोढरेपाल, छोटे देवड़ा, रायकेरा देवड़ा, बेड़ा उमरगांव, बोरपदर, कचनार, भिरलिंगा, चोलनार आदि ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था। यह बकावंड ब्लॉक का अंतिम समाधान का शिविर था। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य बनवासी मौर्य, जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्षा सोनबारी भद्रे, उपाध्यक्ष तरुण कुमार पांडे, पूर्व जनपद अध्यक्ष परिस बेसरा, मंडल अध्यक्ष पुरषोत्तम जोशी, बकावंड मंडल अध्यक्ष पितांबर कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित त्रिवेदी, सत्यप्रकाश गुप्ता, मोहन जोशी, जनपद सदस्य अनिल कुमार बिसाई, बुधराम बिसाई, हेमकांत सिंह ठाकुर, विषम ठाकुर, तहसीलदार जागेश्वरी गावड़े, जनपद पंचायत सीईओ परेश्वर कुर्रे मौजूद थे। इस आयोजन में जनपद पंचायत के कर्मचारी श्रवण श्रीवास्तव, अभिमन्यु सेठिया, माधव मिश्रा, पंचायत इंस्पेक्टर प्रहलाद चंद्राकर आदि का विशेष योगदान रहा। जनपद की रीढ़ की हड्डी यही कर्मचारी हैं। कुल प्राप्त 2715 आवेदनों में 2714 आवेदन निराकृत कर दिए गए हैं, केवल एक आवेदन लंबित है।

## तीन माह का चावल दिया जाएगा एकमुश्त

**जगदलपुर।** खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छ.ग. खाद्य पोषण सुरक्षा अधिनियम तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के राशनकार्डधारी परिवारों को माह जून से अगस्त के राशन सामग्री वितरण के एकमुश्त भण्डारण एवं वितरण किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके परिपालन में अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित तथा निःशक्तजन राशनकार्डधारियों को माह जून 2025 में उन्हें उचित मूल्य दुकान के माध्यम से जून माह के नियमित खाद्यान्न सामग्री के साथ माह जुलाई एवं अगस्त 2025 के चांवल आबंटन का एकमुश्त वितरण किया जाएगा। खाद्य अधिकारी ने बताया कि हितग्राही माह जून में उचित मूल्य दुकान में उपस्थत होकर अपने राशनकार्ड की पात्रतानुसार 3 माह का खाद्यान्न एकमुश्त अनिवार्य रूप से प्राप्त करें।

# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

FIT INDIA | SCHOOL INNOVATION COUNCIL | MCB MY CLASSBOARD

## कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा 2025-26 Congratulations


### 1. SHAKUNTALA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, RAM NAGAR, BHILAI



### 2. SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, RISALI SECTOR, BHILAI



### 3. SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2

Affiliated to CGBSE, Ram Nagar, Bhilai

ENGLISH & HINDI MED. HR. SEC. SCHOOL ( IX TO XII )

### 4. SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CGBSE, Vaishali Nagar, Bhilai

ENGLISH MEDIUM SCHOOL ( KG-1 TO VIII )

### 5. Shakuntala Devi Sangeet Nritya Evam Kala Kendra

Affiliated to IKSVV, Khairagarh

★Singing ★Kathak
★Tabla ★Bharatanatyam
★Geetanjali ★Chitrakala

FROM CLASS 5 ONWARDS

TIMING 05:00 PM TO 07:00 PM



Office: Shakuntala Vidyalaya Parishar, Ram Nagar, Bhilai

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

ARPIT SAHU 96.6%
SRIJAN DEWANGAN 95.2%
ADITI MISHRA 94.4%
ROSHAN CHOUDHARY 93.8%
PAKHI MAHESHWARI 93.2%
VIDYA SAO 91.4%
MUSKAN SAO 90.8%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

MAYANK KUMAR OJHA 97.6%
SHWETA SINGH 95.4%
SABIYA PARVEEN 95%
AMRITA SAO 94%
AACHAL KUMARI SAO 93.8%
RAJVEER SAO 93.4%
TEJESHWI PRASAD SINHA 92.8%
ANURAG SAHU 92.6%
SIDDHI BAGHEL 92.6%
SHUBHAM KUMAR SAO 92.4%
KAANCHAN MALA SANDEY 92.4%
P POOJITA 92.2%
ADARSH KUMAR SINGH 92%
AYUSH NAGVANSHI 91.6%
CHIEF HAVGE 90.8%
PANKHURI SINGH 90.2%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

YOGITA 97%
RIYA KURREY 92.6%
TAHZEEB RAZVIYA 90.6%
AYESHA IQBAL ANSARI 90.2%
PIYUSH VERMA 89.8%
VIDHI VISHWAKARMA 89.6%
RITESH DEWANGAN 89.4%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

SHOURYA KUMAR SAHU 97.6%
ANKIT DEWANGAN 97.2%
SAZINA NAWAZ 96.8%
ASHMIKI DWIVEDI 95%
SAMRIDHI SHARMA 94.6%
TEJAS SAHU 93.6%
BHAVYA DEWANGAN 93%
SHREYA MAHAPATRA 92.8%
ANISH KUMAR DEWANGAN 92.8%
SAMEER PATEL 92%
SHIVANGI VISHWAKARMA 91.8%
PRACHI JALKSHATRIYA 91.6%
DIVYANSH SINGH 91%
DRISHTI DEWANGAN 90.6%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2 CLASS 12TH TOPPERS

NIDHI PATEL 92%
GARGI CHANDRAKAR 91.6%
NAMRATA PATEL 91.4%
JAYA SINHA 89.6%
KAMALDAS MANIKPURI 89.4%
SANIYA SAO 89.2%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO.2 CLASS 10TH TOPPERS

YOGENDRA KUMAR JANGHEL 95%
HARSHITA BHASKAR 92.8%
TANISHA NAG 92.3%
MAHI BANJARA 91.8%
PRIYA PAL 91.3%
THANSING VERMA 90.6%

### SCHOOL FACILITIES


1. Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
2. Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
3. Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
4. Seperate Hostel facilities for boys and girls
5. Science, Commerce, Humanities (Arts) streams available
6. Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
7. State of the art AV room & Music room
8. 24x7 Power Supply Via Genset
9. Air Conditioned auditorium

Deepak Advertisers

### 6. SHAKUNTALA GURUKUL (Hostel)

Home away from Home... घर से दूर.. एक घर ॥

Ram Nagar Bhilai



**Hostel Room**-Air condition for boys and girls seperate
**Mess**-Tea, Breakfast, Lunch, evening snacks, Dinner, Milk & egg
**Coaching**-School Coaching (Free of Cost) Distance Coaching (payable) with Transportation facility
**Library**-Evening Time
**Entertainment**-Movies-Auditorium (Hall) Air conditioned
**Outing**- Twice in a month, Canteen (Tuck Shop)
**Birthday Celebration**-Separate Facility for Boys and Girls
**Geyser facility** (in winter season)
**24X7 Electricity available through generator**
**Laundry facility available, Medical facility available**

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
|---|---|---|---|---|---|
| 0788 4033217 | 0788 2265810 | 0788-2295357 | 0788-4033623 | 8770401823 | 8839982041 |